# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 29/01/2024

**SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Mantra Bharat, Prayagraj, (UP)**

# आरएएफ ने 75वीं गणतंत्र दिवस जोश एवं उत्साह के साथ मनाया

## कमाण्डेट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराहकर जवानों को दिलाई शपथ



प्रयागराज। शांतिपुरम स्थित 101 द्रुत कार्य बल के प्रांगण में 26 जनवरी को 75वी गणतंत्र दिवस जोशएवं उत्साह के साथ मनाया गया। भारतीय संविधान के इस पावन पर्व पर वाहिनी के कमाण्डेट मनोज कुमार गौतम ने क्वार्टर गार्ड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा इस शुभ अवसर पर सभी कार्मिको एवं उनके परिवारजनो को गणतंत्र दिवस की बधाईदी व उपस्थित सभी जवानों को बल के गरिमामई इतिहास के बारे में अवगत कराया।

वाहिनी के जवानों द्वारा वर्ष 2023 के दौरान अपनी ड्यूटी का निष्पादन उत्कृष्टतरीके से करने केलिए उनके मनोबल को ऊर्चोबनाये रखने हेतुकमाण्डेंट महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। तत्पश्चात कैम्प परिसर में स्थित मॉन्टेसरी स्कूल के बच्चों के साथ कावाध्यक्षा श्रीमती प्रीती गौतम व कमाण्डेट महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सभी अध्यापिकाए, महिला कार्मिक एवंबच्चे उपस्थित रहे। अन्त मेंक्षेत्रीय कवाध्यक्षा श्रीमती प्रीती गौतम ने उपस्थित अध्यापिकाओं, महिला कार्मिक और बच्चोंको मिष्ठान वितरण किया एवं सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ही वाहिनी स्तर पर विभिन्न प्रकार केखेलों जैसे- वॉलीबाल, क्रिकेट, आदि खेलों का आयोजन भी किया गया। सन्ध्या के समय सभी मेसों में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बड़ा खाना का आयोजन किया गया। प्रेमजीत कुमार द्वि०कमा०अधि०, पुनर्वसुतिवारी (द्विघकमा० अधि०, विनोद कुमार उप कमाण्डेंट, बृजेश कुमार दुबे उप कमाण्डेट, अरूण मिश्रा उप कमाण्डेंट, डॉ अशोक कुमार रटड तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी गण, जवान बच्चे व उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

Udit Vani, jamshedpur, (JKD)

# सुंदरनगर आरएएफ कैंप में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

## कमांडेंट ने फहराया तिरंगा, पदकों से सम्मानित जवानों का बढ़ाया उत्साह



जमशेदपुर : सुंदरनगर स्थित 106 बटालियन आरएएफ (द्रुत कार्य बल) कैम्प परिसर में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरएएफ 106 बटालियन के कमांडेंट डॉ निशीत कुमार एवं विशिष्ट अतिथि द्वितीय कमान अधिकारी शैलेन्द्र कुमार और सचिदानन्द मिश्रा उपस्थित थे. समारोह स्थल पर कमांडेंट ने झंडोत्तोलन किया. अपने संबोधन में उन्होंने इस ऐतिहासिक दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला. कहा कि देश के संविधान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को प्रत्येक वर्ष फहरा कर हम सभी अपने देश और उसके संविधान के प्रति विश्वास व्यक्त करते हैं. उन्होंने उपस्थित सभी लोगों एवं उनके परिवारजनों को 75वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी. इसके साथ ही पदकों से सम्मानित अधिकारियों और कार्मिकों के नाम पढ़कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया. कमांडेंट ने अपने हाथों से सभी को मिष्ठान वितरित किए. इसके उपरांत बल की परम्परा के अनुसार बड़ा-खाना का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी ने भाग लिया.

Avenue mail, jamshedpur, (JKD)

# Commandant hoists Tricolor at Sundarnagar RAF Camp



## Mail News Service

**Jamshedpur. Jan 27:** RAF 106 Battalion Commandant, Dr Nishith Kumar, hoisted the National Flag at the Sundarnagar Camp. The special guests on the occasion included Second-in-Command Officers Shailendra Kumar and Sachidanand Mishra.In his address, the Commandant stated, "The importance of proudly hoisting the National Flag symbolizes our collective faith in the country and its constitution." He extended Republic Day greetings to all present and their families, expressing respect for officers and personnel honored with medals. The Commandant personally distributed sweets to everyone, followed by a community feast as part of the force's tradition, where all participated. (w/gsd)

Mantra Bharat, Prayagraj, (UP)

# दुत कार्य बल प्रांगण में गणतंत्र दिवस जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। भारतीय संविधान के इस पावन पर्व पर वाहिनी के कमाण्डेट मनोज कुमार गौतम ने 'क्वार्टर गार्ड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा इस शुभ अवसर पर सभी कार्मिको एवं उनके परिवारजनो को गणतंत्र दिवस की बधाई दी व उपस्थित सभी जवानों को बल के गरिमामई इतिहास के बारे में अवगत कराया।

याहिनी के जवानों द्वारा वर्ष 2023 के दौरान अपनी डयूटी का निष्पादन उत्कृष्ट तरीके से करने के लिए उनके मनोबल को ऊचों बनाये रखने हेतु कमाण्डेंट महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। तत्पश्चात कैम्प परिसर में स्थित मॉन्टेसरी स्कूल के बच्चों के साथ कावाध्यक्षा श्रीमती प्रीती गौतम व कमाण्डेट महोदय द्वारा ध्याजारोहण किया गया। इस अवसर पर सभी अध्यापिकाएं, महिला कार्मिक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

अन्त में क्षेत्रीय कावाध्यक्षा श्रीमती प्रीती गौतम ने उपस्थित अध्यापिकाओं, महिला कार्मिक और बच्चों को मिष्ठान वितरण किया एवं सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ही वाहिनी स्तर पर विभिन्न प्रकार के खेलों जैसे- वॉलीबाल, क्रिकेट, आदि खेलों का आयोजन भी किया गया। संध्या के समय सभी मेसों में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बड़ा खाना का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर प्रेमजीत कुमार (द्वि0कमा0अधि0), पुनर्वसु तिवारी (द्विष्कमा0 अधि0), विनोद कुमार (उप कमाण्डेंट, बृजेश कुमार दुबे (उप कमाण्डेट), अरूण मिश्रा (उप कमाण्डेंट), डॉ अशोक कुमार तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी गण, जवान बच्चे व उनके परिवार जन उपस्थित रहे।



Vishwa Guru, North East Delhi, (DEL)

# आर ए एफ बटालियन में सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए बॉलीवुड खेल का आयोजन



मनीष सूर्यवंशी ( विश्व गुरु भारत )

उत्तर पूर्वी दिल्ली। 75 वे गणतंत्र दिवस के मौके पर आर ए एफ 103 बटालियन के प्रांगण में कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता में 6 मैच खेले गए थे गणतंत्र दिवस के मौके पर फाइनल मैच खेला गया यह मैच हेड क्वार्टर कंपनी और ए कंपनी 103 के मध्य आयोजित किया गया जिसमें विजेता टीम ए कंपनी 103 रही। दोनों टीमों के कप्तानों को आर ए एफ 103 बटालियन के कमांडेंट श्री धर्मेंद्र सिंह पीएम जी द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया इसी के साथ दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों रेफरी और खेल से जुड़े उन सभी कार्मिकों को सम्मान से नवाजा गया जिन्होंने इस खेल में अपनी भागीदारी निभाई। आर ए एफ 103 बटालियन के कमांडेंट श्री धर्मेंद्र सिंह पीएमजी ने बताया कि इस खेल को बढ़ावा देने और कार्मिक खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने के लिये इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ताकि वॉलीबॉल खेल को भी देश में आगे बढ़ाया जा सके। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए बटालियन के अधिकारी गणों के परिवार भी प्रतियोगिता में मौजूद रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। यह वॉलीबॉल मैच का आयोजन आर ए एफ 103 बटालियन के कमांडेंट धर्मेंद्र सिंह पीएमजी की देखरेख में आयोजित हुआ।

Divya Bhaskar, Sagar, (MP)

# थानों में जाकर परिचय अभ्यास कराया जा रहा



बांदरी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार रैपिड एक्सन फोर्स ए/107 वाहिनी की एक प्लाटून जगदीश प्रसाद बलाई (कमांडेंट)- 107 वाहिनी के आदेशानुसार एस. क्यू. अख्तर जमाल (उप कमा.) के नेतृत्व में 26 जनवरी से 01 फरवरी तक जिला सागर (मध्य-प्रदेश) के सभी थानों में जाकर परिचय अभ्यास कराया जा रहा है। एस.क्यू. असंतर जमाल (उप कमा) के द्वारा यह जानकारी दी गई कि प्लाटून में प्लाटून कमान्डर नन्दी बाबु ओगिराला (सहा/कमा.) तथा अधीनस्थ अधिकारी 08 अन्य सैनिक- 33 कुल- 43 उपस्थित हैं। रैपिड एक्सन फोर्स का गठन 07 अक्टूबर 1992 को किया गया। भारत सरकार द्वारा रैपिड एक्सन फोर्स का गठन करने का उद्देश्य दंगा या दंगों जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए किया गया हैं।

रैपिड एक्सन फोर्स के इस परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुए एस.क्यू अख्तर जमाल (उप कमा.) ने बताया कि आज के परिचय अभ्यास के दौरान पुलिस थाना बांदरी जिला सागर के अंतर्गत थाना क्षेत्र बांदरी में सुमेर सिंह जगेत थाना प्रभारी बांदरी और नन्दी बाबू ओगिराला की उपस्थिति में वहाँ की भागोलिक,सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक इत्यादि जानकारिया एकत्रित करना तथा क्षेत्र की जनसँख्या, साक्षरता दर, असामाजिक तत्वों, सामुदायिक हष्टी से संवेदनशील अति संवेदनशील इलाको तथा बलवाइयों / दंगाइयों की सूची तैयार की जाएगी, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना या साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा की स्थिति निर्मित होने पर और किस प्रकार से उस पर नियंत्रण किया जाए।

ए/107 वाहिनी के प्लाटून के सदस्यों द्वारा राजनैतिक संगठनों, समाजसेवी संगठनों व जीवन रक्षक संस्थानों की भी जानकारी प्राप्त की जाएगी एवं सभी क्षेत्रो का मानचित्र भी बनाया जायेगा। जिसका उद्देश्य अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर नियंत्रण के लिए नियत स्थल पर तत्काल पहुंचने में सुबिधा हो।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।